# महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय

**Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

(A Central University Established by Parliament by Act No. 3 of 1997)

ज्ञान शांति मैत्री

**ज्योतिष पायेङ**

**JYOTISH PAYENG**

**सहायक कुलसचिव (वित्त) एवं संयोजक-पोस्टर निर्माण प्रतिस्पर्धा**

**ASSISTANT REGISTRAR (Fin.) & Co-ordinator-Poster Competition**

दूरभाष/Phone : + 91-7152-232 946

फैक्स/Fax : + 91-7152-232 994

मोबाइल/Mobile : + 91-95459 88866


फा.सं.: 002/2015/Poster Pratispardha/130/2015/ 501

दिनांक - 01.12.2015

## संशोधित सूचना

अभिव्यक्ति एवं विचारों के संचारण के लिए पोस्टर एक शक्तिशाली माध्यम है। विश्वभर में क्रांतिकारी विचार, ज्ञान, विज्ञान, एवं सामाजिक संघर्षों के संचारण में पोस्टरों का उपयोग उल्लेखनीय है। आज के विश्व में समाज के नागरिक विवेक की रचना में पोस्टर की भूमिका महत्त्वपूर्ण है।

किसी भी विश्वविद्यालय का यह कर्तव्य होता है कि शिक्षार्थियों में सृजनात्मकता एवं ज्ञान के रूपात्मक आधार का निर्माण करें जिसका उपयोग वे जगत एवं जीवन में कर सकें। इसी आशय के साथ विश्वविद्यालय के 18 वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में पोस्टर निर्माण की प्रतिस्पर्धा का आयोजन विभागवार किया जा रहा है। जिसमें विश्वविद्यालय में चल रहे शैक्षणिक विभागों की महत्वत्ता, प्रासंगिकता तथा मूल्यों को प्रतिभागी विद्यार्थियों/शोधार्थियों द्वारा पोस्टरों पर प्रस्तुत किया जाना है। यह प्रतिस्पर्धा विभागवार न होकर केंद्रीय स्तर पर किए जाने हेतु निर्णय लिया गया है। विजेताओं को प्रमाण-पत्र सहित प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरस्कार राशि क्रमश: 3000/-, 2000/- एवं 1000/- तथा तीन सांत्वना पुरस्कार (प्रत्येक को 500/-) प्रदान किया जाएगा। पोस्टर निर्माण प्रतिस्पर्धा की समय-सारणी निम्नानुसार है:

**म.गा.अ.हि.वि. के 18 वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में विश्वविद्यालय के शैक्षणिक विभागों की महत्त्वता, प्रासंगिकता तथा मूल्यों पर पोस्टर निर्माण प्रतिस्पर्धा**

**दिनांक : 05 दिसंबर, 2015, दिन- शनिवार**

**समय : दोपहर 12 बजे से 2.00 बजे तक**

**स्थान : समता भवन, म.गा.अ.हि.वि., वर्धा**

विश्वविद्यालय में चल रही सत्रांत परीक्षा को ध्यान में रखते हुए सभी विद्यार्थियों/शोधार्थियों को सूचित किया जाता है कि वे **दिनांक: 05 दिसंबर, 2015** को निर्धारित समय एवं स्थान पर प्रतिस्पर्धा के लिए उपस्थित रहें। विश्वविद्यालय के अधिष्ठाताओं/निदेशकों /विभागाध्यक्षों/शोध-निर्देशकों/शिक्षकों से यह निवेदन है कि विद्यार्थियों/शोधार्थियों में सृजनात्मकता के प्रोत्साहन हेतु उनकी प्रतिभागिता सुनिश्चित कराएँ। प्रतिभागियों को यह भी सूचित किया जाता है कि उन्हें प्रतिस्पर्धा हेतु संबंधित दिशा-निर्देश का पालन करना होगा।

(ज्योतिष पायेङ)

नोट: पूर्व में जारी सूचना कमांक 002/2015/Poster Pratispardha/130/2015/469, दिनांक 01.12.2015 के आलोक में।

**संलग्न:** नियमावली

**प्रतिलिपि–** सभी विद्यापीठ/विभाग/केंद्र/छात्रावास

लिला विभाग


**पोस्ट हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा-442005, (महाराष्ट्र), भारत**

**Post Hindi Vishwavidyalaya, Gandhi Hills, Wardha-442005, (Maharashtra), India**

**ई-मेल/Email: jshpayeng@gmail.com; वेबसाइट/website:www.hindivishwa.org**

# 18वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में पोस्टर प्रतिस्पर्धा हेतु
## नियमावली

1. विश्वविद्यालय के 18वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में पोस्टर प्रतिस्पर्धा, म.गा.अ.हि.वि. के शैक्षणिक विभागों की महत्वत्ता, प्रासंगिकता तथा मूल्यों पर केंद्रित करते हुए पोस्टरों का निर्माण अकादमिक दृष्टि से किया जाना है।
2. पोस्टर निर्माण की प्रक्रिया में पाठ (Text) एवं चित्र (Image), दोनों विधाओं का उपयोग अनिवार्य होगा।
3. पोस्टर के पाठ एवं चित्र, प्रतिभागियों के स्वयं के मौलिक एवं सृजनात्मक होने चाहिए।
4. आपत्तिजनक/विवादास्पद पाठों/चित्रों का पोस्टर पर उपयोग नहीं करना चाहिए।
5. मोबाईल फोन या अन्य किसी भी उपकरण से प्रतिस्पर्धा हेतु प्रविष्टि का छायांकन करना सख़्ती के साथ वर्जनीय है।
6. प्रतिस्पर्धा की समायावधि में प्रतिभागियों को मोबाईल फोन का उपयोग करना वर्जनीय है।
7. प्रतिस्पर्धा हेतु प्रविष्टि निर्माण की समयावधी 01 घंटा 30 मिनिट होगी।
8. एकरूपता रखने हेतु सभी प्रतिभागियों द्वारा 'पोस्टर कलरों' का उपयोग किया जाना है।
9. प्रविष्टि पर पोस्टर निर्माण प्रक्रिया से संबंधित शब्द, वाक्य, रेखांकन एवं चित्रों के अलावा किसी अन्य तरह का अंकन कार्य वर्जनीय है।
10. पोस्टर हिंदी एवं अंग्रेजी में होना अनिवार्य है।

–संयोजक